# RAJYA SABHA

*Wednesday, the 2nd Mach,1994/11th Phalguna, h995{Saka)*

The House met at eleven of the clock. Mr. Chairman in the Chair.

## ORAL ANSWARS TO QUESTIONS

### Indian fihsermen in Pakistani Jails

*101. Dr. MURLI MANOHAR JOSHI f:
SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI :

Will the Minster of EXTERNAL AFFARIRS be pleased to state :

(a) Whether Goverment's attention has been drawn to the news item published in the "Janasatta" dated 10th January, 1994 under the caption "Pak Jailon Mein Bhukhe" Mar Rahe Machuwaron Par Sarkari chuppi" if so, what are the details of the incident:

(b) Whether Goverment have taken up the matter of release of the flshermen with the Pakistani authorities, if so,with what results

(c) Whether it is a fact that the incidents of Pakistan maritime agency violating the Indian maritime boundary has been increasing and if so, what are the details there of:

(d) whether Government have lodged any protests in the matter and with what results : and

(e) what steps are being taken to strengthen the vigil on coastal areas and in Indian waters ?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI DINESH SINGH) : (a) Government have seen the news item.

On 22 December, 1993, 52 Indian fishermen and seven fishing boats were apprehended by Pakistani authorities.

(b) Government have taken up this matter with the Government of Pakistan and have proposed an exchange of Indian and Pakistani fishermen in each other's custody. The modalities of exchange are presently being worked out through the diplomatic channels.

(c) No, Sir.

(d) Does Not arise.

(e) Coast Guard ships and aircraft maintain constant vigil by regular and continuous patrolling.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI : Mr. Chairman, Sir, this is a very important question but I am very sorry to say that the hon Minister has very care fully avoided answering the details of the incident. This is an incursion into our maritime zone by Pakistan. This was not an isolated incident. There have been Several incidents like this. Such things have happened in Kutch and again, for example on the Maharashtra coast where a lot of R.D.X explosives were smuggled into India. Even last year, on the Kutch coast, some 25 boats were seized by the Pakistani maritime agencies and about 500 fishermen were arrested.

Therefore, the question arises whether our maritime defence is adequate. It has been mentioned in the answer that our aircraft are carrying out reconnaisance operations and 'hat our Coast Guard ships are patrolling the area. But I do not think this is adequate In that context, would the hon. Minister assure the House that no such incursions would be allowed to take place in future and that adequate steps would be taken to see that our maritime zone is protected, particularly, from Pakistani incursions ?

Related to this is another serious question It is whether Pakistan is trying to probe our maritime defence through such incursions and trying to establish a network of I.S.I., for smuggling arms, ammunition, R.D.X. explosives and other contraband goods into our country. This is a very serious matter.

I would like to know from the hon. Minister firstly, the details of the incident—how it occurred—secondly, whether he would assure the House about the safety and security of our maritime zone, by taking adequate steps; and thirdly, whether there is the possibility of Pakistan trying to establish a network by probing our maritime defence through such incursions.

SHRI DINESH SINGH : Sir, I quite understand the concern which the hon. Member has expressed. The Government is trying to do its best to stop this. A lot of

†The Question was actully asked on the floor of the House by Dr. Murli Manohar Joshi.

fishermen go out in small boats and if they cross our maritime boundary, they are arrested. We have also arrested 106 fishermen from Pakistan.

Our Coast Guard and other agencies have become much better. They were first based in Bombay and in Diu. Now, we have established a Coast Guard base in Gujarat also. Therefore, we are trying to maintain a strong vigilance.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI : The very fact that the hon. Minister has mentioned that 106 Pakistani fishermen were arrested shows that the incursion is quite deep. It is not that Pakistani maritime agencies merely move around. We should note that Pakistani fishermen regularly come and make incursions into our maritime zone.

May I also know whether this area, where the Indian fishermen have been arrested, has some relations to the Sir Creek dispute and whether Pakistan wants to establish its claim over the Sir Creek area through these activities and, if so, what measures the External Affairs Ministry is taking to protect the Indian interests in the Indian maritime zone and, particularly, the Sir Creek ? I would also like to know when this dispute arose and what steps the Government is taking to resolve this dispute.

SHRI DINESH SINGH : Sir, as the hon. Member may be aware, there is a dispute about the Sir Creek, and we have offered to Pakistan to discuss this matter in one of the six Non-papers that we have given to them. The Pakistanis have arrested 109 fishermen and we have arrested 106 fishermen. So, the number is near about the same.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI : Have they arrested in our maritime zone or theirs ?

SHRI DINESH SINGH: Not from ours- They consider that they transgressed their maritime zone.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI I They consider it to be their zone, but what is our stand ? What do we consider to be the area where our maritime zone extends up to ?

SHRI DINESH SINGH : Where we considered that they had encroached into our zone, we have arrested them.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI : These 106 fishermen whom you had arrested had entered our zone. But those 109 whom they had arrested, was it in their zone or in the Indian maritime zone ? My contention is that they had entered the Indian maritime zone and arrested the Indian fishermen from the Indian maritime zone.

SHRI DINESH SINGH : No, Sir. We have not had any representation from our fishermen saying that they were arrested in our zone.

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM : What steps will you take in the future if this is proved to be correct ?

MR. CHAIRMAN : Please. Shri Trilok Nath Chaturvedi.

श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी : माननीय सभापति महोदय, जैसे मंत्री महोदय ने अभी कुछ सूचना दी है लेकिन फिर भी जो उत्तर आया है मैं समझता हूं कि उसमें जो आवश्यक संवेदना होनी चाहिए ऐसी समस्या में और गंभीरता को जितना ज्यादा देखना चाहिए उसका अभाव मालूम होता है। मैं निवेदन करना चाहूंगा कि मेरे पास जो सूचना है उसके अनुसार पाकिस्तान मैरिटाइम एजेंसी ने 22 नवंबर को जो 52 मछुआरे गिरफ्तार किए या उनका अपहरण किया वे हमारा ही जो क्षेत्र है, जो समुद्री क्षेत्र भारत का है उसके अंतर्गत उन्होंने उनका अपहरण किया है। मैं आपके सम्मुख यह निवेदन करना चाहता हूं कि जो गिरफ्तार किए गए हैं उसम दो बालक 15-15 वर्ष के हैं, एक बालक 12 वर्ष का है और ये मछुआरे एक-एक हफ्ते तक जब समुद्र में नाव पर रहते हैं तब वे 60 या 70 परिवारों का पालन कर पाते हैं। तो ऐसी जो समस्या है उसकी तरफ मैं समझता हूं कि अधिक गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और इसीलिए मैं मंत्री महोदय से यह पूछना चाहूगा कि क्या वित्त मंत्रालय ने गृह मंत्रालय को यह सूचित किया है कि इनके परिवारों को कुछ सहायता दी जाए या राज्य सरकारों को, क्योंकि जो मछुआरे जेल में हैं उनको, पाकिस्तान के मछुआरा संघ के द्वारा जो जानकारी प्राप्त हुई है उसके अनुसार केवल दो चपातियां और एक प्लेट दाल दी जाती

है और यहां पर उनके जो परिवार हैं वे भी भूख के कगार पर खड़े हुए हैं। वे वहां पर भूखे मर रहे हैं और परिवार यहां पर भूखे मर रहे हैं यह मैं जानना चाहूंगा और मैं आगे यह भी मंत्री महोदय से..... (व्यवधान) सर, मैं बहुत कम प्रश्न करता हूं और आपके आदेश का सर्वथा पालन करता हूं। पार्ट "बी", मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह और निवेदन करना चाहूंगा कि..... (व्यवधान)

**श्री अजीत जोगी** : यह तो भाषण हो गया।

MR. CHAIRMAN: Please complete quickly.

**श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी** : साहब, मैं भाषण नहीं देता। वह तो मैंने जो पुराने साथी हैं उन्हीं के लिए छोड़ रखा है कि वे जब भी चाहे भाषण दे सकते हैं। मैं भाषण नहीं देता। मैं केवल यह पूछना चाहता हूं कि जो उनके नेता हैं, वहां पर उनकी एक महिला कार्यकर्ता हैं श्रीमती कामत और वहां के जो सदस्य हैं उन्होंने गृह मंत्री और प्रधान मंत्री को इस संबंध में पत्र लिख और उनसे मिलने की चेष्टा की, क्या उनसे मिलने की व्यवस्था हो सकी या नहीं ?

**श्री दिनेश सिंह** : दो मंत्रालयों ने आपस म क्या बातचीत की है इसकी हमको सूचना नहीं है। माननीय सदस्य उन्हीं मंत्रियों से पूछे तो उनको उत्तर मिल जाएगा।

**श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी** : मैं एक सैकेंड में यह कहना चाहता हूं कि 1990 मे एक समझौता हुआ था पाकिस्तान और गृह मंत्रालय के दो ज्वाइंट सेक्रेटियों के बीच में इसी मामले में कि दो हफ्त के अन्दर जानकारी एक सरकार दसरी सरकार को देगी। अगर इसकी भी जामकारी हमारे विदेश मंत्री को नहीं है तो मैं समझता हू कि यह दुखद है और यह पता लगता है कि दोनों मंत्रालय किस प्रकार से आपस में कोआर्डिनेशन करते हैं।

**श्री दिनेश सिंह** : माननीय सदस्य को मुझसे ज्यादा मालुम है। मुझे इसकी खुशी है

**श्रीमती वीणा वर्मा** : मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि भारत में पाकिस्तान की बहुत सी मेरीटाइम बाउंड्री जो है वह डिस्प्यूटेड अनडिसाइडेड है, वह कितनी है। क्योंकि समुद्र लम्बा है और यह देखा गया है कि जब मछुआरे समुद्र में जाते हैं तो भटक जाते हैं और उनको पकड लिया जाता है, बंद कर दिया जाता है। इसलिए यह मेरीटाइम बाउंड्री जो अनडिसाइडेड और डिसप्यूटेड है वह कितनी है। जनवरी मे सक्रेटरी लेविल टाक जो हुई थी उसमें क्या निर्णय लिया गया है इस बाउंड्री पर। बिना ट्रायल के मछुआरे भी क्या पाकिस्तान की जेलों में और हमारी जेलों म बद हैं और अदला-बदली कब तक सभव हो पाएगी। इसके लिए कोई समय सीमा निर्धारित की गई है ?

**श्री दिनेश सिंह** : सभापति महोदय, बाउंड्री क बारे म हमने पाकिस्तान से कहा है कि जल्दी ब कर इस पर बातचीत हो जानी चाहिए। मनें अभी अर्ज किया था कि जो 6 नान पेपर हमने उनको दिए थे उसम से एक इसके बारे में भी था।

**श्रीमती वीणा वर्मा** : बाउंड्री कितनी है ?

**श्री दिनेश सिंह** : मुझे अभी एकदम से याद नहीं है कि कितनी लम्बी है। भारत की जो समुद्र की बाउंड्री है वह बाउंड्री बहुत बड़ी है।

**श्रीमती वीणा वर्मा** : सेंकेट्री लेविल पर क्या तय हुआ है ?

**डा० मुरली मनोहर जोशी** : पाकिस्तान से डिस्प्यूटेड बाउंड्री कितनी है ?

MR. CHAIRMAN : It is a differen question actually. You ask a separate question. This question is about fishermen.

SHRIMATI VEENA VERMA : Sir, 1 need your protection. The question is relevant

**श्रीमती वीणा वर्मा** : बाउंड्री तय नहीं है इसलिए मछुआरे भटक जाते हैं और उनको पकड़ लिया जाता है.. आई नीड योर प्रोटेक्शन...।

**एक माननीय सदस्य** : क्वेश्चन रिलेवेंट है सर।

**श्रीमती वीणा वर्मा** : क्योंकि बाउंड्री तय नहीं है इसलिए मछुआरे भटक जाते हैं उनको पकड़ लिया जाता है फिर बिना ट्रायल बंद कर दिये जाते हैं। इसलिए यह जानना बहुत जरूरी है।

**श्री दिनेश सिंह** : इसी की तो हम बात कर रहे हैं। लम्बाई का एकदम से मुझे याद नहीं है।

**श्रीमती वीणा वर्मा** : आप बाद में सप्लाई कर दीजिएगा।

**श्री दिनेश सिंह** : वह चाहे जितनी लम्बी हो उससे क्या फर्क पड़ता है।

MR. CHAIRMAN : The Hon. Minister can send the information later. It is really not a part of this question.

**श्री अनन्तराय देवशंकर दवे** : सभापति महोदय, यह मामला थोड़ा गम्भीर है इसलिए मैं उसकी पूर्व भूमिका बनाकर दो भाग में अपना सवाल पूछूंगा क्योंकि मंत्री महोदय ने अपने जवाब में कहा है :

> "Coast Guard ships and aircraft maintain constant vigil by regular and continuous patrolling."

आपने यह जवाब दिया है अपने जवाब में। मैं कहना चाहता हूं कि जो सर क्रीक का एरिया है वह तो जब लड़ाई हुई छाड़बेट में—मैं वहीं से आ रहा हूं, इसीलिए पूछ रहा हूं—तो यह तय हो गया कि यह हमारा एरिया है। तो भी पाकिस्तान ने अभी भी पिछले 5–7–8 महीने में सर क्रीक का मामला उठाया है। और ऐसा कहा है कि यह एरिया हमारा है, तो मैं यह जानना चाहता हूं कि आपने इस मतभेद को क्यों स्वीकारा यह एरिया हमारा है तो भी, जोकि आपको स्वीकारना नहीं चाहिए क्योंकि यह तय हो गया है लाल बहादुर शास्त्री के वक्त पर भी तो भारत सरकार ने यह एरिया डिस्प्यूटेड एरिया है, ऐसा क्यों माना और अगर माना है तो आप बातचीत कर के क्या एग्रीमेंट करने जा रहे हैं, एक बात। दूसरी बात, मैं यह पूछना चाहता हूं कि अभी-अभी 4 फरवरी को ऑल इंडिया मछुआरों ने स्ट्राइक रखी थी और कोई भी मछुआरा समुद्र में मछली पकड़ने नहीं गया था। ये गरीब लोग हैं और करोड़ों रुपयों का फॉरेन एक्सचेंज हमको कमाकर देते हैं। उन लोगों के संबंध में सरकार ने ताइवान और हांग-कांग से डीप फिशिंग के लिए एग्रीमेंट किया है लेकिन डीप फिशिंग वाले लोग सेलो वाटर से वहां आकर अपने मछुआरों को पकड़कर ले जाते हैं। पाकिस्तान के लोग भी वहां आते हैं जोकि झींगा और पापलेट जोकि अच्छी किस्म की मछली होती है, वह वहां से बड़ी मात्रा में ले जाते हैं। इस संबंध में उन मछुआरों ने आपके पास रि-प्रजेंटेशन किया है, गुजरात सरकार ने भी आपको लिखा है तो उस संबंध में आपने क्या कदम उठाए, हैं, वह मंत्रीजी कृपा कर बताए और सर क्रीक वाला मामला अभी है ही नहीं ऐसा आश्वासन मंत्री महोदय दें ?

MR. CHAIRMAN : Please conclude your question now. Honourable Minister, I think this is about the Sir Creek dispute. This is one question. Would you like to answer it or would you need a separate notice for it ?

SHRI AJIT P. K. JOGI : It doesn't arise out of this question.

MR. CHAIRMAN : The other one is about the Taiwan fishermen coming. I think it is not involved in this area.

SHRI V. NARAYANASAMY : This question relates to Pakistan only.

MR. CHAIRMAN : Yes, but the question doesn't cover the whole of Indo-Pak relatio-ns.

**श्री अनन्तराय देवशंकर दवे** : सर, उन्होंने कहा है कि कोस्टल एरिया वाले वहां पेट्रोलिंग कर रहे हैं, इसीलिए मैं पूछ रहा हूं। आपने जवाब में कहा है इसीलिए मैं पूछ रहा हूं। होली-दीवाली की छुट्टी के दिनों में चले जाते हैं और वह लोग वहां आकर हमारे लोगों को पकड़कर ले जाते हैं। सर क्रीक वाला मामला भी है। यह मेरा सवाल

नहीं है, उसने जबाब दिय है।...(व्यवधान)...यह होम डिपार्टमेंट का नहीं है, आपने जवाब दिया है। चेयरमन सर, यह बॉर्डर का मामला है। हमारा जो सर क्रीक वाला प्रदेश है, मैं वही मामले के बारे में पूछ रहा हूं। यह हमारा प्रदेश है फिर भारत सरकार ने मतभेद क्यों स्वीकारे हैं? यह हमारा मामला तय हो चुका है... (व्यवधान) होम मिनिस्ट्री का नहीं है, आपने जवाब दिया है।

MR. CHAIRMAN : Shri Dave, the Sir Creek issue is not a part of this question Would you please sit down ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT SHRI JAGDISH TYTLER: Mr. Chairman, Sir, this question relates to the Ministry of Defence.

**श्री अनन्तराय देवशंकर दवे** : सर, आप हाफ एन अवर डिस्कसन अलाउ कर दीजिए। मैं आपकी बात मान लेता हूं, हाफ एन अवर डिस्कसन मांग लीजिए।

MR. CHAIRMAN : You can give a notice.

**श्री अनन्तराय देवशंकर दवे** : ओके सर।

SHRI T.A. MOHAMMED SAQHY . Mr. Chairman, Sir, the fishermen of India are very much in a critical position, particularly, the fishermen of Tamil Nadu. They are being attacked. The Sri Lankan Navy shot dead some of our fishermen when they went for fishing. I would like to know whether...

MR. CHAIRMAN : Mr. Saqhy, 1 am afraid this doesn't arise out of main question- You have to give a separate notice for that question.

**प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा** : महोदय, मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि पाकिस्तान की जेलों में जो हिन्दुस्तानी कैद हैं, उनको वहां भूखा रखा जाता है, उनको टार्चर किया जाता है। उनमें से बहुत से पागल हो गए हैं और बहुतों ने आत्म-हत्या कर ली है। ऐसे जो हजारों लोग पाकिस्तान की जेलों में हैं, उनके बारे में क्या मंत्री महोदय ने कभी यह सवाल पाकिस्तान की सरकार के साथ उठाया है या कहीं यू० एन० ओ० में ह्यूमेन राइट्स के सवाल उठाए हैं उन लोगों के बारे में जोकि जेलों में बंद है। महोदय, यह बात जिस तरह से पाकिस्तान के अखबारों में भी छपी है और सारी दुनिया में बात प्रकट हुई है कि पाकिस्तानी जेलों में रहने वाले हिन्दुस्तानियों के साथ अमानुषिक अत्याचार किए जाते हैं, क्या उनके बारे में कोई सवाल सरकार ने पाकिस्तान के साथ या ह्यूमन राइट्स के सवालों के साथ यू० एन० ओ० में उठाया है ?

**श्री दिनेश सिंह** : सभापति महोदय, यह सवाल मछली मारने वालों का है और ये जो लोग जेलों में हैं, वहां हमारे काउंसिल... (व्यवधान)...

**प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा** : सवाल यह है कि उनको भूखों रखा जाता है।

**श्री दिनेश सिंह** : मेरी बात सुनिए। वह नहीं भूखे रहेंगे। मैं यह कह रहा हूं कि हमारे काउंसिल ने वहां जाकर देखा तो उन लोगों ने इसकी शिकायत नहीं की। उनको खाना मिल रहा है। वह खाना खा रहे हैं।

**श्री विजय कुमार मल्होत्रा** : सारे पाकिस्तान के अखबारों में छपा है कि उनको भूखों रखा जा रहा है, उनको टॉर्चर किया जा रहा है, वहां पर कुछ पागल हो गए हैं और उनमें से बहुतों ने वहां आत्महत्या कर ली है। यह सब चीजें रोज वहां अखबारों में छप रही हैं और आप कह रहे हैं कि ऐसा नहीं है। ....(व्यवधान)....

**श्री अनन्तराय देवशंकर दवे** सर, : मछुआरा महमंडल ने फरियाद की है... (व्यवधान)...

MR. CHAIRMAN : Mr. Dave, will you please sit down ? Mr. Malhotra is putting his question.

MR. CHAIRMAN : That is right. Questio cNo. 102.